
# यूपी टेक्स में दिखेगी धागे से परिधान तक पूरी श्रृंखला

लखनऊ। प्रदेश में निवेश, रोजगार और निर्यात को बढ़ावा देने के साथ ही हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, बुनकरों और निवेशकों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए यूपी टेक्स-2026 का आयोजन होगा। सात एवं आठ सितंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले आयोजन से संबंधित रोड शो कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को खादी भवन में हुई।



इसकी अध्यक्षता हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा रेशम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने की। यूपी टेक्स का उद्घाटन सीएम योगी करेंगे। सचान ने कहा कि इस

## सात से होगा आयोजन मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

रोड शो का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के वस्त्र उद्योग से जुड़े उद्यमियों, निवेशकों और अन्य हितधारकों को राज्य में उपलब्ध सुविधाओं, नीतियों और निवेश की संभावनाओं के बारे में जानकारी देना है।

उनसे सुझाव लिए जाएंगे कि वर्तमान वस्त्रोद्योग नीति की सुविधाओं के अतिरिक्त आगामी नीति में कौन से नए प्रावधान शामिल किए जाएं। बैठक में पीएम मित्र पार्क सहित प्रदेश में विकसित किए जा रहे अन्य टेक्सटाइल पार्कों पर भी चर्चा हुई। ब्यूरो